पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मुख्यमंत्री का जनपद वाराणसी भ्रमण

## विकास परियोजनाओं एवं कानून–व्यवस्था की समीक्षा की

## विकास कार्यों में प्रगति सुनिश्चित की जाए तथा गतिमान परियोजनाओं को समय से पूर्ण करने हेतु कार्यदायी संस्थाएं अतिरिक्त मैनपावर बढ़ाकर तेजी से कार्यों को पूर्ण कराएं : मुख्यमंत्री

## जनसुनवाई, आई0जी0आर0एस0, सी0एम0 हेल्पलाइन आदि माध्यमों से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों का निष्पक्ष एवं समयावधि में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश

## शहर में नियमित रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जाए

## आमजन को नए बिल्डिंग बायलॉज की जानकारी हो, इसके लिए प्रचार–प्रसार किया जाए

## दालमण्डी में सड़क चौड़ीकरण कार्य बरसात के तत्काल बाद शुरू कराए जाने के निर्देश

## जनपद वाराणसी को नवम्बर, 2025 तक टी0बी0 मुक्त किए जाने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सभी आवश्यक कदम उठाए जाने के निर्देश

## वृक्षारोपण तथा नदी पुनरोद्धार के कार्यों को बेहतर तरीके से कराया जाए

## जातीय वैमनस्यता, अराजकता फैलाने वालों तथा कानून–व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले अराजक तत्वों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करें

**लखनऊ : 17 जुलाई, 2025**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद वाराणसी में विकास परियोजनाओं एवं कानून–व्यवस्था की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में प्रगति सुनिश्चित की जाए तथा गतिमान परियोजनाओं को समय से पूर्ण करने हेतु कार्यदायी संस्थाएं अतिरिक्त मैनपावर बढ़ाकर तेजी से कार्यों को पूर्ण कराएं। उन्होंने जनसुनवाई, आई0जी0आर0एस0, सी0एम0 हेल्पलाइन आदि माध्यमों से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों का निष्पक्ष एवं समयावधि में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि शहर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए उन्होंने नगर आयुक्त को नियमित रूप से स्वच्छता अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। स्वच्छता सर्वेक्षण में वाराणसी बेहतर स्थान पर हो। हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा लाए गए नए बिल्डिंग बायलॉज की जानकारी आमजन को हो, इसके दृष्टिगत सोशल मीडिया, डिजिटल मीडिया, जनता के बीच जगह–जगह पर सेमिनार आदि आयोजित कराकर इनका व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार कराया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान सड़क की जद में आने वाले धर्मस्थलों को स्थानीय लोगों से वार्ता कर आसपास उपयुक्त स्थल चिन्हित कर विधि–विधान के साथ स्थापित कराएं। उन्होंने दालमण्डी में सड़क चौड़ीकरण कार्य को बरसात के तत्काल बाद शुरू कराए जाने के निर्देश दिए। जनपद में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने जनपद वाराणसी को नवम्बर, 2025 तक टी0बी0 मुक्त किए जाने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सभी आवश्यक कदम उठाए जाने के निर्देश दिए। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाए तथा जनप्रतिनिधि अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी परिषदीय विद्यालयों में लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराएं। कोई भी विद्यालय अध्यापक विहीन न रहे। इसके लिए सभी विद्यालयों में पर्याप्त संख्या में अध्यापकों की तैनाती हो। सभी बच्चों को स्कूली बैग, जूते–मोजे, यूनीफॉर्म आदि की उपलब्धता प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण तथा नदी पुनरोद्धार के कार्यों को बेहतर तरीके से कराए जाने पर विशेष जोर दिया।

मुख्यमंत्री जी ने कानून–व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फेक अकाउंट बनाकर माहौल खराब करने वालों पर पैनी नजर रखी जाए और ऐसे लोगों से सख्ती से निपटें। जातीय वैमनस्यता, अराजकता फैलाने वालों तथा कानून–व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले अराजक तत्वों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने लोकल इंटेलीजेंस, पुलिस बीट को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध शराब संचरण पर रोक लगाने, नशे के अवैध कारोबार को ध्वस्त करने हेतु ठोस कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि जनपद वाराणसी में वर्तमान में 64 बड़ी परियोजनाएं गतिमान हैं, जिनकी लागत लगभग 15,000 करोड़ रुपये है। कज्जाकपुरा फ्लाईओवर का कार्य सितम्बर, 2025 तक पूरा करा लिया जायेगा।

बैठक में जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री श्री अनिल राजभर, स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रवीन्द्र जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

——————

***PN-CM-Varanasi Visit-Review Meeting-17 July, 2025***